जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/899 दिनांक : 17.06.2021

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

विषयः- **बी0एस0सी ऑर्नस तृतीय वर्ष (नियमित/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी) परीक्षा मार्च/अप्रैल-2021 के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 30.06.2021 तक आनलाइन अपडेट किये जाने हेतु।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 524/605/2021/38-3 दिनांक 31.03.2021 एवं पत्र क्रमांक 589/142/आउशि/शा-5'अ'/2021 दिनांक 04.05.2021 एवं पत्र क्रमांक 663/142/आउशि/शा-5'अ'/2021 दिनांक 31.05.2021।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार सत्र 2020-21 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं को ओपन बुक पद्वति से संपादित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये। है। शासन के उपरोक्त दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में स्नातक तृतीय वर्ष परीक्षा मार्च-2021 के नियमित/भूतपूर्व/पूरक के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम म0प्र0 उच्च शिक्षा विभाग के प्रदत्त निर्देशों के अनुसार घोषित किये जाना है।

अतः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को यह अवगत कराया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त नियमित/भूतपूर्व/पूरक के परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा हेतु म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय स्तर से सेसनल के प्रश्नों को परीक्षार्थियों को प्रेषित करते हुऐ ओपन बुक पद्वति से उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त कर मूल्याकंन उपरांत प्राप्तांको को गुणानुकृत करते हुऐ संबंधित विश्वविद्यालय को प्राप्तांक प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। अतः संबंधित महाविद्यालय समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार संपदित कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 30.06.2021 एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें।

आपको यह विदित कराया जाता है कि, समस्त नियमित/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ओपन बुक पद्वति अनुसार उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त कर उनका महाविद्यालय स्तर से मूल्यांकन कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें। प्रायोगिक परीक्षा हेतु समस्त परीक्षार्थियों से प्राप्त ओपन बुक उत्तपुस्तिकाओं का संधारण महाविद्यालय स्तर पर ही किये जाना है। आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकार्ड विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। महाविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट न करने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अंक स्वीकार करने संबधी कार्यवाही की जावेगी।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)